**प्रेस नोट**

**दिनांक 15.04.2025**

# क्षेत्राधिकार यातायात व एआरटीओ हमीरपुर द्वारा ई-रिक्शा वाहन चालकों/स्वामियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

आज दिनांक 15.04.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी यातायात व एआरटीओ हमीरपुर द्वारा थाना राठ क्षेत्र अन्तर्गत ई-रिक्शा वाहन चालकों/स्वामियों को सार्वजनिक स्थलों/ प्रमुख चौराहों में जाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा अनिवार्य रुप से वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान चालकों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा स्वयं संवाद स्थापित कर आमजन को यातायात सुरक्षा के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। यह अभियान नागरिकों में यातायात अनुशासन को बढ़ावा देने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा एक सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना राठ, प्रभारी यातायात मौके पर मौजूद रहे।



